an>

Title: Need to provide specialized medical services in the proposed Super speciality hospital to be set up in Rewa district, Madhya Pradesh.

श्री जनार्दन मिश्र (रीवा): रीवा जिले में सुपर स्पेशलिटी अस्पताल प्रस्तावित है जिससे रीवा तथा शहडोल संभाग के लाखों लोगों को अत्याधुनिक चिकित्सा का लाभ मिलेगा। इसके लिए मैं केन्द्र सरकार के प्रति कृतज्ञ हूँ एवं अपना आभार व्यक्त करता हूँ। परंतु यहां के मेडिकल कॉलेज में बहुत सुविधाएं नहीं है। अतः निवेदन है कि प्रस्तावित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में प्लास्टिक सर्जरी, पीडियाट्रिक सर्जरी, इन्डोक्रिनोलॉजी रीजनल इन्टरवेंशन सेंटर एवं गेस्ट्रो इन्टरोलॉजी विभाग की स्थापना की जाय।